दिनांक–01.10.2026 को अभियंता–प्रमुख–सह विशेष सचिव (मु0), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में सभी पदाधिकारियों के साथ CGRC/MIS की समीक्षा के संबंध में आयोजित समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाहीः–

---

1. **PRD ~~Consolidated~~ Left out tola Work Progress:–**

❖ सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि PRD से हस्तांतरित योजना में आपके द्वारा प्रत्येक माह में निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराते हुए फोटोग्राफ्स के साथ अपने अधीनस्थ सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता द्वारा MIS Portal पर प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः–सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/सभी कनीय अभियंता।

❖ सभी सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता को सख्त निदेश दिया गया कि बोरिंग/टयूबवेल निर्माण के दौरान मानक स्टैंडर्ड ग्रेवल का उपयोग कराना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा भविष्य में जाँच में मानक के अनुरूप नहीं होने पर अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। इसका सतत अनुश्रवण सभी अधीक्षण अभियंता एवं सभी कार्यपालक अभिंयता अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः–सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/सभी कनीय अभियंता।

2. **PHED ~~Consolidated~~ Left out tola Work Progress:–**

❖ सभी प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंताओं को निदेशित किया गया कि PHED से संबंधित योजना में आपके द्वारा प्रत्येक माह में निर्धारित लक्ष्य को पूरा कराते हुए फोटोग्राफ्स के साथ अपने अधीनस्थ सभी सहायक अभियंता/कनीय अभियंता द्वारा MIS Portal पर प्रविष्टि सुनिश्चित करेंगे। साथ ही बोरिंग/टयूबवेल निर्माण के दौरान मानक स्टैंडर्ड ग्रेवल का उपयोग भी करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालनः–सभी कार्यपालक अभियंता/सभी सहायक अभियंता/सभी कनीय अभियंता।

3. **अन्यान्यः–**

❖ लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, छपरा में बाढ़ के कारण नल जल की योजनाएँ प्रभावित हुई है। जहाँ राहत शिविर लगाई गई है, वहाँ अविलंब बोरवेल कराकर 1HP का मोटर अधिष्ठापित कर, सीधी जलापूर्ति देने की व्यवस्था की जाय। साथ ही कुल–100 अस्थायी शौचालय की व्यवस्था बाढ़ पीड़ितों के राहत शिविरों/स्थानों पर लगाने का निदेश दिया गया। 1000 से 2000 लीटर की पानी टंकियों को ट्रैक्टरों/पिकअप पर रखकर पेयजल उपलब्ध कराई जाए।

अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, छपरा।

❖ कार्यपालक अभियंता, प्रमंडल छपरा को निदेशित किया गया कि किन–किन वार्डों में नल जल योजनाएँ बाढ़ के कारण प्रभावित है, उसकी वार्डवार सूची तैयार कर मुख्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता, छपरा।

❖ छपरा जिला में बाढ़ पीड़ितों के लिए पेयजल व्यवस्था बहाल करने हेतु कार्यपालक अभियंता, मुजफ्फरपुर, पटना पश्चिम/पटना पूर्व, हाजीपुर, बेतिया एवं सीतामढ़ी से अनुपातिक संख्या में टैंकर रवाना करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–संबंधित सभी कार्यपालक अभियंता।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः–14/V/बैठक–101/25–856 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग बिहार/सभी अधीक्षण अभियंता (यांत्रिक सहित), लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, बिहार/सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः–14/V/बैठक–101/25–856 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0/का0प्र0)/अपर सचिव/सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार/दक्षिण बिहार/यांत्रिक/अनुश्रवण)/विशेष कार्य पदाधिकारी/सभी संबंधित नोडल पदाधिकारी/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/आइटी मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)

ज्ञापांकः–14/V/बैठक–101/25–856 दिनांक– 14/10/26

प्रतिलिपिः– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव(मु0)